क्या आप सच जानना चाहते हैं ?

निजी प्रसार

एक पिता के बेटे को सिर्फ अपने पिता को ही पिता कहना चाहिए। अगर वह किसी दूसरे को अपना पिता कहेगा, तो असली पिता अपने बेटे से गुस्सा हो जाएगा और माँ तो निश्चित तौर पर जो कुछ भी हाथ में आएगा उससे अपने बेटे की पिटाई कर देगी।

क्या आप ऊपर कही गई बात से सहमत हैं? हम सभी इस बात से सहमत होंगे। इसी तरह, लोगों को सिर्फ वास्तविक/सच्चे भगवान का ही सम्मान और पूजा करनी चाहिए।

हम भारत के लोग स्वाभाविक तौर पर धर्म में निष्ठा रखते हैं। इसलिए ही हम दावा करते हैं कि भगवान के एक लाख से ज़्यादा अवतार हैं और हमने पहले ऐसे कई भगवानों की पूजा-अर्चना की है; लोग अब भी उनकी पूजा कर रहे हैं। कुछ लोग (प्रशंसक) फिल्मी अभिनेत्रियों के लिए मंदिर बनवा रहे हैं। राजनेताओं, क्रिकेटरों और कुछ बड़ा हासिल करने वालों के भी मंदिर बन गए हैं।

जो लोग 200 या 300 साल बाद पैदा होंगे वे इन लोगों की देवी-देवता (भगवान) के रूप में पूजा कर सकते हैं और कह सकते हैं कि ये अभिनेत्री के अवतार, जंगल के अवतार, क्रिकेट के अवतार आदि हैं। कुछ लोग यह भी दावा करते हैं कि कुछ मनुष्य भगवान के अवतार हैं। यह सोचने का वक्त है।

सच्चा ईश्वर सभी चीजों का निर्माता है। वह रक्षक है, मार्गदर्शक है और उसका कोई अंत नहीं है। वह स्वयं ही एकमात्र शुरुआत और अंत है।

इतिहास (या पुरातत्वविदों) के मुताबिक मेसोपोटामिया (ईरान/ इराक/ इज़राइल) सबसे पुरानी सभ्यता (4500 ईसा पूर्व) है और सिंधु घाटी (भारत) सभ्यता लगभग 2500 ईसा पूर्व थी।

इसका मतलब है, कुछ लोग ईरान/इराक से भारत आ गए थे। अगर यह ऐतिहासिक तौर पर सच है, तो उनके भगवान अलग और भारतीय भगवान अलग कैसे हो सकते हैं?

इतिहास में, 2000 साल पहले भगवान एक इंसान (सच्चे भगवान का सिर्फ एक अवतार) के रूप में पैदा हुए थे। उन्होंने अपना खून बहाया और इंसानों के सभी पापों के लिए अपनी जान दे दी। असली भगवान इसी तरह से सभी इंसानों से प्यार करता था। वे तीसरे दिन ज़िंदा हो गए और अभी भी ज़िंदा है। वे ब्रह्मांड में सभी लोगों की रक्षा और उनका उद्धार करते हैं। उनकी विनम्रता की बात करें तो उन्होंने अपने शिष्य के पैर तक धोए थे। <u>क्या आप जानना चाहते हैं कि ये कौन हैं?</u>

उनका नाम यीशु मसीह है।

एक कर्मचारी को अपने नियोक्ता की बात का पालन करना चाहिए। अगर कर्मचारी नियमों / आदेशों का पालन नहीं करेगा, तो उसे काम पर रखने वाला उसे कंपनी से बाहर निकाल देगा।

इसी तरह, यीशु स्वर्ग, पृथ्वी और महासागरों में सभी चीजों का निर्माता है। हम आपको सच्चे निर्माता ईश्वर, यीशु मसीह की तरफ वापस आने को कह रहे हैं। (प्रेरितों के काम 14:15).

पवित्र बाइबिल (यूहन्ना 14:6) के मुताबिक, यीशु स्वर्ग तक पहुँचने का एकमात्र रास्ता है और इसके अलावा स्वर्ग जाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। यीशु के अलावा भगवान के किसी अन्य अवतार ने अधिकार के साथ ऐसा नहीं कहा।

जो भी यीशु पर विश्वास करते हैं, उनकी कही बातों को मानते हैं, यीशु को अपना रक्षक और उद्धार करने वाला मानते हैं, ऐसे लोग स्वर्ग में जाएंगे।

जब तक रोमन सम्राट कांस्टेंटाइन ने 312 ईस्वी में यीशु को अपने निजी उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार नहीं किया, तब तक कई ईसाई दुनिया के कई हिस्सों के सबसे शक्तिशाली रोमन राजाओं द्वारा सताए और मारे जा रहे थे। ऐसा ही अत्याचार अब कई सच्चे ईसाइयों पर हो रहा है और इसमें भारत भी शामिल है।

हिंदू वेदों / उपनिषद में यीशु (प्रजापति)

'प्रजापति' शब्द का अर्थ है सृष्टि का रचयिता। नीचे दिए गए मंत्र सिर्फ यीशु में ही निहित हैं।

1. ॐ श्री दरिद्र नारायण नमः - हमारे लिये दरिद्र बनने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - लूका 2:7
2. ॐ श्री कन्नी सुताय नमः - एक कुआँरी की कोख से जन्म लेने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - यशायाह 7:14; मत्ती 1:18,19,23
3. ॐ श्री ब्रह्मपुत्राय नमः - हे प्रभु, ईश्वर के पुत्र, हम आपकी स्तुति करते हैं- यूहन्ना 3:16

4. ॐ श्री उमात्तया नमः - पवित्र आत्मा से जन्मने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - मत्ती 1:8

5. ॐ श्री विघिष्र्टिया नमः - सुंता होने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - लूका 2:21

6. ॐ श्री वक्ष शल अरुथाया नमः - त्रिषूल जैसे दिखने वाले वृक्ष पर स्वयं का बलिदान चढ़ाने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - लूका 23:33

7. ॐ श्री पंचघायम् नमः - अपने शरीर पर पाँच घाव धरने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - यशायाह 53:5, भजन संहिता 22:16

8. ॐ श्री मृत्युजंयम् नमः - मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - 1 पतरस 2:24

9. ॐ श्री दक्षिणामूर्ति नमः - परमेश्वर पिता के दाहिनी ओर विराजमान हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - मत्ती 26:64; प्रेरितों के काम 7:55

10. ॐ श्री त्यागेश्वराय नमः - हमारे लिए अपने जीवन का त्याग देने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - इफिसियों 5:2; इब्रानियों 9:28; 1 कुरिन्थियों 15:3-4

11. ॐ श्री वैदेश्वराय नमः - हमारे रोगों को ठीक करने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - याकूब 5: 14-15; भजन संहिता 41: 3; 30: 2

12. ॐ श्री पाप नाशाय नमः - हमारे पापों का नाश करने वाले हे प्रभु, हम आपकी स्तुति करते हैं - 1 तीमुथियुस 1:15; प्रेरितों के काम 4:12; मत्ती 1:21

हम चाहे जिस किसी भाषा में भगवान की स्तुति करते हैं, यीशु ही सच्चा ईश्वर है। इसलिए आप जिस की पूजा करते हैं, उससे अनजान हैं - और मैं आपको यही बताने जा रहा हूँ (प्रेरितों के काम 17:23)

कहानियों पर नहीं बल्कि इतिहास पर विश्वास करो।

कुरान में यीशु (600 ईस्वी)

कुरान सूरा *3: 45-55* में यीशु के लिए नीचे दिए गए नाम बताता है।

कलीमुल्लाह - यीशु परमेश्वर के शब्द हैं।

रूहुल्लाह - यीशु परमेश्वर की आत्मा है।

ईसा - यीशु मसीह

कुरान के मुताबिक, भगवान ने शब्द के माध्यम से ब्रह्मांड की रचना की। अगर भगवान के शब्द ने इस ब्रह्मांड को बनाया है, तो यीशु जो भगवान के शब्द हैं, भगवान है (यूहन्ना *1: 1-3,10, 1* कुरिन्थियों *8:6,* भजन संहिता *95:1-7,* इब्रानियों *11:3,* प्रेरितों के काम *4:24)*

कुरान में यीशु का नाम *25* जगह मिलता है जबकि पैगंबर मोहम्मद का नाम सिर्फ *4* जगह मिलता है।

कुरान के सूरा *3:45-55* के मुताबिक:

यीशु ने मरे हुए को ज़िंदगी दी, जन्म से अंधे लोगों को ठीक किया, स्वर्ग गए, अभी भी ज़िंदा हैं और वे फिर से आएँगे।

मोहम्मद ने कोई चमत्कार नहीं किया, वह मर गया और वह फिर से इस दुनिया में नहीं आएगा। वह परमेश्वर का शब्द या आत्मा नहीं है।

कुरान का सूरा *10:94* कहता है कि: "अगर आपको कुरान में कोई संदेह है, तो बाइबिल में सच्चाई पहले से ही बताई गई है, इसलिए पवित्र बाइबिल को पढ़ें या उन लोगों से पूछें जिन्होंने पवित्र बाइबिल पढ़ी है।"

आप क्या बनना चाहते हैं? ईश्वर की संतान या ईश्वर के गुलाम?

पवित्र बाइबिल में यूहन्ना *1:12* के अनुसार अगर कोई कोई यीशु को अपनी रक्षा करने और उद्धार करने वाला मानता है, तो यीशु उसे ईश्वर की संतान बनने की शक्ति देगा। लेकिन, कुरान की सभी आयतों में अल्लाह इंसान को गुलाम कहता है और अल्लाह मालिक है। ईश्वर की संतान और ईश्वर का गुलाम होने में फर्क है।

यीशु कहते हैं, अपने दुश्मनों से प्यार करो और उन लोगों के लिए प्रार्थना करो जो तुम्हें सताते हैं और अत्याचार करते हैं। अगर हम अपने दुश्मनों से प्यार करने लगें, तो हम इस दुनिया में बहुत आसानी से शांति पा सकते हैं। वरना, हम इस ब्रह्मांड में प्यार नहीं बल्कि एक दूसरे के प्रति नफरत देखेंगे, जिससे आतंकवाद को बढ़ावा मिलेगा। पवित्र बाइबिल के मत्ती *24: 4,7,8,14* में यीशु ने दुनिया के अंत की घटनाओं का वर्णन किया है। और ये सब बातें हमारी वर्तमान पीढ़ी भूकंप, लोगों का एक दूसरे के खिलाफ होना, अकाल, महामारी आदि जैसी घटनाओं द्वारा सच होती देख सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि "यीशु संपूर्ण मानव जाति का सच्चा रक्षक और उनका उद्धार करने वाले हैं और वे हमें हमारे पापों के कर्ज से बचा सकते हैं" यह अच्छी खबर दुनिया के अंत से पहले हर कोने तक पहुँचाई जाएगी।

हम आपको अपना धर्म बदलने के लिए नहीं कह रहे हैं लेकिन हम आपसे सच्चे ईश्वर, यीशु मसीह के प्रति अपना मन बदलने और सोचने का अनुरोध कर रहे हैं। हमारी यही सलाह है कि आप सभी से प्यार करें, ईमानदारी से और सही तरीके से अपनी ज़िंदगी जीने की कोशिश करें। हम चाहते हैं कि आपको स्वर्ग में जगह मिले।

अगर आपको यह सच पसंद आया, तो कृपया इस ब्रोशर / ट्रैक को दूसरों के साथ शेयर करें। प्रभु यीशु मसीह आपको सुख और शांति दे।

We are distributing this small track as per Indian Constitution Law Article 25. Our intention is not to convert anyone to Christian religion, but to know the truth. This track is intended for private circulation only.

अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने पास के चर्च में जाएँ।

हमसे संपर्क करें:

Preach the Truth Ministries, Bangalore
Email: ptmm.india@gmail.com